राष्ट्रीय हिंदी, साप्ताहिक खबरें

जनती की समस्या, हर पल टाइम्स की खबर

# HAR PAL TIMES
# हर पल टाइम्स

कार्यकारी संपादक : जमील जी. खान

RNI NO. MAHHIN/2011/24374

▶ वर्ष : ०९ ▶ अंक: ५१ ▶ मुंबई, शुक्रवार, २१ अगस्त से २७ अगस्त २०२० ▶ पृष्ठ: ४ ▶ मुल्य : २/- रु.

**मुंबई, दिल्ली, राजस्थान, मध्यप्रदेश, कर्नाटका, आंध्रप्रदेश, गुजरात, झारखंड, चेन्नई, कलकत्ता जानेवाला अखबार, (०७४९८५३५२८६ आपकी समस्या के लिए इस नंबर पर संपर्क करे)**

## 'मुझे विश्वास नहीं है कि कोई भी पार्टी देश को उज्ज्वल भविष्य दे सकती है' : अन्ना हजारे



**नई दिल्ली :** सामाजिक कार्यकर्ता अन्ना हजारे ने दिल्ली की आम आदमी पार्टी (आप) सरकार के खिलाफ आंदोलन में शामिल होने की भाजपा की अपील खारिज करते हुए शुक्रवार को कहा कि उन्हें विश्वास नहीं है कि कोई भी पार्टी देश को उज्ज्वल भविष्य दे सकती है। हजारे ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि दिल्ली प्रदेश भाजपा ने आप सरकार के (शेष पेज २ पर)

## आतंकवादी ठिकानों का पता चला



**श्रीनगर,** सुरक्षा बलों ने जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिले में अवंतीपोरा के जंगल वाले क्षेत्र में आतंकवादियों के दो ठिकानों का पता लगाया है। यहां से भारी मात्रा में हथियार और गोला बारुद बरामद किया गया है। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि अवंतीपोरा के बारडू जंगल में लश्कर-ए-तैयबा की मौजूदगी की खुफिया जानकारी मिलने के बाद सुरक्षाबलों ने बुधवार रात में तलाश अभियान शुरू किया। अधिकारी ने बताया, तलाश अभियान के दौरान बृहस्पतिवार तड़के लश्कर-ए-तैयबा के दो ठिकानों का पता लगाकर उन्हें नष्ट किया गया। उन्होंने बताया कि इन ठिकानों से आपत्तिजनक चीजें और (शेष पेज २ पर)

## महिला की हत्या करने के बाद खुद भी फंदे पर झूला व्यक्ति



**चंबा,** चंबा जिले की सराहन पंचायत के सोंट गांव में एक व्यक्ति ने महिला को मौत के घाट उतारने के बाद खुद भी फंदा लगाकर जान दे दी। मृतक महिला चंपा मंडलूई की रहने वाली थी। फंदा लगाकर जान देने वाला राकेश सराहन पंचायत के सोंट गांव का था। प्रथम द्दष्टया मामले को प्रेम प्रसंग से जोड़कर देखा जा रहा है। पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। मृतक महिला और पुरुष दोनों के परिजनों के बयान दर्ज किए गए हैं। (शेष पेज २ पर)

## हर पल टाइम्स की जनता की खास मुलाकात जनता की आवाज हर पल टाईम्स की खबर



Har pal tv news.cmw.cin. chief news Editor.Jameel g khan.Mumbai India.

हर पल टाइम्स की जनता की खास मुलाकात जानकारी मिली लोगो से इनका कहना है की १५ अगस्त को कैसे मनाया जाय? हमारी आजादी तो खत्म होती जा रही है। कही घरों में मौते हो गई । सरकारों ने अपनी आंखे बंद कर ली। और गरीबों की मौत का सरकार पर कोई असर नहीं। अब हिंदुस्तान में ऐसा लग रहा है। की हम ६० साल पिछे चले गये है। किसानों की मौत हो गई। जमीनों की कोई किम्मत नहीं मानी जा रही है। भुख और बीमारी से जनता को बड़ी मुश्किलों का सामना करना पडा। सब रास्तें बंद कर दिए गए। उद्योंग पति राज कर रे हैं। मिडील क्लास और गरीब मारे जा रहे हैं इसका जवाबदार कौन है?

१)ये कहानी नहीं हकीकत है। देश के हालात इतने बिगड़े की जनता की कुछ समझ में नहीं आ रहा है। करोना का आना जाना जनरल हो गया है।

२)देश में ३ करोड से ज्यादा नौकरी चली गयी।

३)जिन लोगों की नौकरियां चली गयी उनके लिए रोजगारी का कोई रास्ता नहीं। क्या सरकारे इन लोगो को नौकरीयां वापस दे पायेगी?

४)केंद्र सराकर और राज्य सरकार में बड़े-बड़े वादे किए अफसोस के जनता के पास कोई भी समस्याओं का हल नहीं पहुंचा।

५)देश में क्राइम बड़ते चला जा रहा। और कानून की सक्ती बड़ती जा रही है। अब जनता के सामने सवाल है कि करे तो क्या करे।

६)हम हर पल टाइम्स और हर पल टिवी के जरीए देश की सरकारों से विनंती करते है कि आम जनता की समस्याओं को जल्द से जल्द दूर करें वर्ना देश के हालात बहुत बिगड़ जाएगें तो इसका जबाबदार कौन होगा?

## एक दिन में रिकॉर्ड 12 कोरोना संक्रमितों की मौत, 110 के पार पहुंचा आंकड़ा



**शिमला,** हिमाचल प्रदेश में शुक्रवार को रिकॉर्ड 12 कोरोना संक्रमित की मौत हो गई है। राज्य में कोरोना से मौतों का आंकड़ा 112 के पार पहुंच गया है। मंडी के रामनगर के ८९ वर्षीय बुजुर्ग ने दम तोड़ दिया। मृतक की रैपिड टेस्ट में रिपोर्ट कोरोना पॉजिटिव आई। वहीं, कांगड़ा में चार कोरोना संक्रमितों ने दम तोड़ दिया है। अंसोली मटौर के कोरोना संक्रमित 77 वर्षीय, जयसिंहपुर के 68 वर्षीय और पुराना कांगड़ा के 70 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई है। आलमपुर के 77 वर्षीय बुजुर्ग की भी मौत हो गई है। मृतक 17 सितंबर को बुखार की शिकायत के बाद अस्पताल में भर्ती किया गया था, लेकिन शुक्रवार को उसकी मौत हो गई। आईजीएमसी शिमला में दो महिलाओं समेत चार कोरोना संक्रमितों की मौत हो गई है। इनमें से एक महिला शिमला और दूसरी नाहन की रहने वाली थी। शिमला के नजदीक रझाणा की 42 वर्षीय महिला को उपचार के लिए अस्पताल लाया गया था लेकिन महिला की पहले ही मौत हो गई। महिला कोरोना पॉजिटिव थी। महिला का दाह संस्कार कनलोग स्थित श्मशानघाट में किया गया है। (शेष पेज २ पर)

## घर की छत पर डिजाइन विमान का पहला फ्लाइट टेस्ट कामयाब




**मुंबई** एक फ्लैट की छत पर विकसित किए गए विमान ने परीक्षण उड़ान का पहला चरण सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। इसका डिजाइन और इसे विकसित करने वाले ने यह दावा किया है। इस विमान को अब अगले चरण में दो हजार फुट की ऊंचाई पर उड़ने की परीक्षा से गुजरना होगा। कैप्टन अमोल यादव ने यह जानकारी दी है किप्टन अमोल यादव पिछले दो दशक से पूरी तरह से भारत में निर्मित विमान पर काम कर रहे हैं। यादव ने इस विमान को महाराष्ट्र के पश्चिमी उपनगरीय इलाके कांदिवली में अपने घर की छत पर खुद डिजाइन किया और विकसित किया है। उन्होंने कहा, मैंने एक तकनीशियन के साथ विमान की (शेष पेज २ पर)

## भ्रष्टाचार की शिकायत पर एक मंत्री के खिलाफ विजिलेंस ने शुरू की जांच



**शिमला,** पद पर रहकर अर्जित काले धन से रिश्तेदारों के नाम पर अकूत संपत्तियां जुटाने के आरोप में घिरे जयराम सरकार के एक मंत्री के खिलाफ विजिलेंस ने प्रारंभिक जांच शुरू कर दी है। शिकायत का डिस्क्रीट वेरिफिकेशन किया जा रहा है। सूत्रों का कहना है कि इस वेरिफिकेशन में अगर शिकायत में मिले आरोपों को लेकर कुछ ठोस जानकारी मिलती है तो विजिलेंस ब्यूरो मंत्री के खिलाफ नियमित जांच की अनुमति मांगेगी। ऐसा इसलिए है, क्योंकि 2018 में हुए प्रिवेंशन ऑफ करप्शन एक्ट के संशोधन के बाद राजपत्रित अधिकारी या सांविधानिक पद पर बैठे व्यक्ति के खिलाफ जांच के लिए सरकार से अनुमति लेना आवश्यक है। विजिलेंस की इस कवायद के बीच हाल ही में मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर और भाजपा के (शेष पेज २ पर)

# दसवीं की छात्रा के साथ दरिंदगी, रेप के बाद तेजाब से जलाया, सड़क पर उतरे लोग

**भदोही,**

भदोही में दसवीं की छात्रा के साथ दर्दनाक वारदात को अंजाम दिया गया है। छात्रा को अगवा कर रेप करने के बाद पहचान छिपाने के लिए तेजाब से जला दिया गया। इसके बाद शव को वरुणा नदी में फेंक दिया गया। बुधवार की सुबह छात्रा का शव उतराया मिलने पर लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। बड़ी संख्या में लोग जौनपुर-भदोही मार्ग पर उतर गए। मौके पर एसपी रामबदन सिंह भी पहुंचे और लोगों को समझाने की कोशिश की। करीब दो घंटे बाद जाम समाप्त हो सका। शहर कोतवाली के एक गांव की 16 वर्षीय किशोरी सोमवार की शाम वरुणा किनारे मवेशियों को चराने गई थी। उसके साथ 12 वर्षीय छोटी बहन भी थी। छोटी बहन भोजन करने के लिए घर आई और करीब 20 मिनट बाद लौटी तो बड़ी बहन गायब थी। उसने घर वालों को इसकी जानकारी दी। घर वाले किशोरी की खोजबीन में जुट गए। देर शाम तक कुछ पता नहीं चला तो रात में ही पुलिस को जानकारी दी गई। पड़ोसी गांव के ईंट भट्ठा मालिक पर शक जताया गया। अगले दिन मंगलवार को भी छात्रा का कुछ पता नहीं चलने पर लोगों ने धौरहरा चौकी पर विरोध प्रदर्शन किया। पुलिस ने आधे घंटे बाद किसी तरह समझाकर सभी को वापस भेजा। इसी बीच बुधवार की सुबह छात्रा का शव वरुणा नदी में उतराया मिला तो सनसनी फैल गई। छात्रा के शरीर पर केवल पहले से पहनी हुई काले रंग की जिंस पैंट थी। उसका चेहरा और कमर के ऊपर के हिस्से को तेजाब से बुरी तरह जलाया गया था। शव देखने से साफ लग रहा था कि छात्रा के साथ दरिंदगी करने के बाद पहचान छिपाने के लिए जलाया गया और वरुणा नदी में फेंक दिया गया है। शव देखते ही पुलिस के खिलाफ लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। लोगों ने भदोही-जौनपुर मार्ग पर सिधवन गांव के पास चक्काजाम कर दिया। जाम की खबर मिलते ही बड़ी संख्या में पुलिस फोर्स पहुंच गई। लोगों का गुस्सा बढ़ता देख एसपी रामबदन सिंह और फोरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंची।

# पिस्तौल-चाकू की नोक पर घर में घुसकर की लूटपाट



**टोहाना(फतेहाबाद),**

फतेहाबाद जिले के टोहाना कस्बे में आजाद नगर स्थित एक मकान में महिला व उसके बेटे को पिस्तौल व चाकू के आधार पर लाखों की लूट का मामला सामने आया है। मामले में कार्य करते हुए शहर पुलिस की टीम ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जबकि तीसरे आरोपी में अपने आप को गोली मार ली जिसके बाद पुलिस ने आगामी कार्यवाही शुरू कर दी है।पुलिस द्वारा पकड़े गए 2 आरोपियों में एक आरोपी अजय नरवाना के धर्मनगर व दूसरा टोहाना का वाला पवन बताया गया है। मृतक नरवाणा का रहने वाला बताया गया है। मिली जानकारी के अनुसार, सुबह करीबन 10:00 बजे आजाद नगर के रहने वाले सुनील फाइनेंस का काम करता है तथा उसके घर में उसकी पत्नी काम कर रही थी कि उसी दौरान मास्क लगाए हुए दो युवक घर में आए तथा घर में प्लंबर का सामान भूलने की बात का बहाना लगाकर पहुंच गए।घर मे मौजूद सुनील की पत्नी कविता व उसके बेटे की कनपटी पर पिस्तौल व चाकू लगा कर घर में रखे रुपयों की मांग की तथा महिला को कमरे में बंद कर दिया। इस दौरान आरोपियों ने रुपयो से भरा हुआ बैग व महिला के गहने महिला से ले लिए तथा वे तीनों स्कूटी पर सवार होकर डांगरा रोड की तरफ चले गए जब वह गांव की ओर जा रहे थे तो लोहखेड़ा के पास उनकी स्कूटी बंद हो गई तथा वहां एक ग्रामीण के हाथ में गोली मारकर उसकी मोटरसाइकिल छीनकर ले गए। जब ग्रामीण उसका पीछा कर रहे थे तभी एक आरोपी ने अपने आप को गोली मार लिया था बाकी दो आरोपियों को पुलिस ने पकड़ लिया। डीएसपी बिरम सिंह ने बताया कि शहर के आजाद नगर के रहने वाले सुनील के घर तीन अज्ञात युवकों ने पिस्तौल व हथियार के बल पर लाखो रुपये व जेवरात लूट लिए है थे। जिसके बाद पुलिस ने कार्यवाही करते हुए दो आरोपियों को काबू कर लिया है जिनमे से एक नरवाणा व एक टोहाना का रहने वाला है।

# पिता-पुत्री को बंधक बनाकर लाखों की नगदी-जेवरात लूटे, चेहरे पर फेंका ज्वलनशील पदार्थ

**काशीपुर,**

घर में घुसे बदमाशों ने पिता-पुत्री को नशीले इंजेक्शन लगाकर बंधक बनाने के बाद घर में रखी 1.20 लाख रुपए की नगदी, सोने-चांदी के जेवरात समेत अन्य सामान लूट लिया। वारदात को अंजाम देकर बदमाश पिता-पुत्री के चेहरे पर ज्वलनशील पदार्थ फेंककर फरार हो गए। दोनों को गंभीर हालत में निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी फुटेज चेक किए। खबर लिखे जाने तक रिपोर्ट दर्ज नहीं हो सकी थी। वैशाली कालोनी निवासी राजकुमार और उसके परिवार के सदस्य कुंडेश्वरी के ग्राम पच्चावाला स्थित गांधीआश्रम में सब्जी उगाने का कार्य करते हैं, जिसके चलते राजकुमार की पत्नी फूलवती, बेटा सीताराम, पुत्रवधू सविता और बड़ी बेटी पूनम गांधी आश्रम में ही बने आवास में रहते हैं। बुधवार रात राजकुमार और उसकी छोटी बेटी अलका घर पर थे।रात करीब 12 बजे हथियारों से लैस कुछ बदमाश उसके घर में घुस आए। बदमाशों ने बरामदे में सो रहे राजकुमार को इंजेक्शन लगाकर बेहोश कर दिया और रस्सी से उसके हाथ पैर बांधकर नीचे कमरे में डाल दिया। इसके बाद बदमाशों ने दुमंजिले कमरे का दरवाजा खटखटाया। अलका के कुंडी खोलने पर बदमाशों ने उसे भी बेहोश कर दिया। उसके बाद बदमाशों ने घर में रखे 1.20 लाख रुपये, चांदी के 4 आभूषण, सोने के जेवरात और एक मोबाइल लूट लिया। बदमाश दोनों के चेहरे पर ज्वलनशील पदार्थ डालकर फरार हो गए।

# महाराष्ट्र में कोरोना वायरस के 12614 नए केस, 322 और लोगों की मौत

**नई दिल्ली ,**



महाराष्ट्र में कोरोना वायरस संक्रमण के 12614 नए केस सामने आए हैं। राज्य में पिछले 24 घंटे में कोरोना वायरस संक्रमण से 322 लोगों की मौत हुई है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से मिली जानकारी के मुताबिक राज्य में कुल संक्रमितों का आंकड़ा 584754 पहुंच गया है। इसमें से 156409 एक्टिव केस हैं जबकि 408286 लोग इसको मात दे चुके हैं। स्वास्थ्य विभाग की ओर से मिली जानकारी के मुताबिक राज्य में कोरोना वायरस से मरने वालों का आकंड़ा 19749 पहुंच गया है। महाराष्ट्र में पिछले 24 घंटे में कोरोना वायरस संक्रमण से 6844 लोग रिकवर हुए हैं। बता दें कि कोरोना वायरस संक्रमण के मामले में पूरे देश में महाराष्ट्र पहले स्थान पर हैं। मौत के मामले में भी यह राज्य पहले स्थान पर है।बता दें कि महाराष्ट्र के सहकारिता मंत्री बालासाहेब पाटिल शुक्रवार को कोरोना वायरस से संक्रमित पाए गए और कराड के एक अस्पताल में उनका इलाज चल रहा है। पाटिल के कार्यालय द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, राकंपा नेता शुक्रवार रात को संक्रमित पाए गए और उन्हें कराड के कृष्ण अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पाटिल के बेटे ने कहा कि मंत्री की हालत स्थिर है। उनका इलाज किया जा रहा है और चिंता की कोई बात नहीं है।

बाकी पेज १ का

## मुझे विश्वास नहीं है...

खिलाफ अपने आंदोलन में उन्हें शामिल होने को कहा, जबकि भगवा पार्टी के पास भारी संख्या में कार्यकर्ता है और वह केंद्र में सत्ता में है। हजारे ने एक पत्र में कहा कि उनके दिल्ली जाने से कोई फर्क नहीं पड़ेगा क्योंकि उन्हें यकीन नहीं है कि कोई भी पार्टी देश को उज्ज्वल भविष्य दे सकती है। दिल्ली भाजपा प्रमुख आदेश गुप्ता ने सोमवार को हजारे को पत्र लिखकर अरविंद केजरीवाल सरकार के खिलाफ अपनी पार्टी के जन आंदोलन में शामिल होने का उनसे आग्रह किया था। गुप्ता ने आप सरकार के बारे में दावा किया था कि यह सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक भ्रष्टाचार का एक नया नाम है। केजरीवाल, 2011 में हजारे के भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन में उनके प्रमुख सहयोगी थे। हजारे के जवाब पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए गुप्ता ने कहा कि दिल्ली भाजपा के पास एक मजबूत संगठन है और सभी प्रकार के जन आंदोलनों का नेतृत्व करने में सक्षम है, लेकिन वह सामाजिक कार्यकर्ता की प्रतीकात्मक उपस्थिति चाहते थे क्योंकि आप उनके नेतृत्व में हुए आंदोलन से पैदा हुई थी। हजारे ने कहा, मैं प्रेस को लिखा आपका पत्र पढ़कर निराश हुआ।

## आतंकवादी ठिकानों का...

बड़ी मात्रा में विस्फोटक सामग्री और गोला-बारूद बरामद किया गया। इनमें एके आयुध के 1900 राउंड, दो हथगोले और चार ग्रेनेड के साथ एक दागने वाला यूबीजीएल बरामद किया गया है। उन्होंने बताया कि अन्य विस्फोटक पदार्थों में अमोनियम नाइट्रेट जैसे पदार्थ, पांच जिलेटिन छड़ें, एक क्रूड पाइप बम और तीन कोड शीट बरामद हुई हैं। उन्होंने बताया कि इस संबंध में अवंतीपोरा के पुलिस थाने में मामला दर्ज कर लिया गया है।

## महिला की हत्या...

जानकारी के अनुसार महिला अपने मायके में रहती थी। मंगलवार रात को वह उक्त व्यक्ति से मिलने उसके घर गई थी। बुधवार सुबह राकेश की मां ने कमरे का दरवाजा खोला तो देखा कि खून से लथपथ चंपा बिस्तर पर पड़ी थी। उसके पास लोहे की रॉड भी पड़ी थी, जबकि राकेश का शव पंखे से झूल रहा था। मृतक राकेश की मां ने तुरंत इसकी सूचना गांव के लोगों को दी। ग्रामीणों ने प्रधान और पुलिस को सूचित किया। सूचना मिलते ही एसपी डॉ. मोनिका, एएसपी चंबा रमन शर्मा और एसएचओ शकीनी कपूर मौके पर पहुंचे। पुलिस ने चंबा मेडिकल कॉलेज में पोस्टमार्टम के बाद दोनों के शव परिजनों को सौंप दिए हैं। लोहे की रॉड को भी कब्जे में ले लिया है। पुलिस ने फंदा लगाकर खुदकुशी करने वाले व्यक्ति के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया है। उधर, एएसपी रमन शर्मा ने बताया कि सराहन पंचायत में एक व्यक्ति ने महिला को मारकर खुद भी फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली।

## एक दिन में रिकॉर्ड 12 कोरोना ...

उधर, दूसरी ओर नाहन तहसील के चासी गांव की 61 साल की कोरोना पॉजिटिव महिला को बीते दिनों आईजीएमसी में उपचार के लिए लाया गया था। मृतक महिला को निमोनिया भी था। लेकिन इस बीच महिला को दिल का दौरा पड़ा और उसकी मौत हो गई। रात को आईजीएमसी में यूरोलॉजी विभागाध्यक्ष के 95 वर्षीय पिता की मौत हो गई। वहीं यूरोलॉजी विभागाध्यक्ष की रिपोर्ट भी पॉजिटिव है। इसके अलावा जुब्बड़हट्टी 64 वर्षीय डॉक्टर की भी मौत हो गई। सोलन जिले में दो कोरोना संक्रमित पुरुष और एक महिला ने दम तोड़ा है। जानकारी के अनुसार शुक्रवार को एमएमयू अस्पताल कुमारहट्टी में इलाज के दौरान तीन लोगों की मौत हुई। सभी कोरोना पॉजिटिव थे और इनकी स्थिति नाजुक थी। मृतकों में एक नालागढ़, एक परवाणू और एक पच्छाद क्षेत्र का बताया जा रहा है।

## घर की छत पर डिजाइन...

पहली परीक्षण उड़ान की है और इस दौरान विमान की उड़ान संतुलित रही है। यह काफी अच्छी रही है।यादव ने कहा कि इस उड़ान में यह देखा गया है कि जमीन से ऊपर उठने के बाद विमान की उड़ान संतुलित रहती है अथवा नहीं यह देखा गया। विमानन क्षेत्र के नियामक डीजीसीए ने इस विमान की पहले चरण की उड़ान के लिये पिछले साल अंत में अनुमति दे दी थी। यादव ने कहा, इस परीक्षण उड़ान के लिये बीमा की जरूरत थी जो कि काफी बड़ी रकम थी। मैंने अपने परिवार के सदस्यों की मदद से इसे हासिल किया। मैंने वह सब कुछ किया जो कि नागरिक उड्डयन महानिदेशालय को इस परीक्षण उड़ान से पहले चाहिए था।ह्न उन्होंने कहा कि परीक्षण उड़ान के दौरान विमान 15 से 20 सैकिंड हवा में रहा और उसके बाद सुरक्षित जमीन पर उतर गया।

## भ्रष्टाचार की शिकायत पर एक...

राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा की मुलाकात के बाद मंत्री की मुश्किलें बढ़ना तय माना जा रहा है। सूत्रों का कहना है कि अगर सरकार ने मंजूरी दी तो कैबिनेट से आरोपी नेता की छुट्टी हो सकती है। दरअसल, सरकार के एक मंत्री के खिलाफ हाल ही में कांगड़ा के रहने वाले राकेश चौहान ने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री कार्यालय के अलावा विजिलेंस से शिकायत की थी।

## संपादकीय

# डूबती इकॉनमी और उछलता शेयर बाजार

**हिंदी** सिनेमा का एक गीत है, ह्यआग लगे हमरी झोपड़िया में हम गावैं मल्हार, देख भाई कितने तमाशे की जिंदगानी हमारह्ल। आजकल शेयर बाजार, सोने का भाव और बैंकों में जमा संबंधी आंकड़ों को देखकर यह गीत बार बार याद आता है। सोने के भाव और फिक्स्ड डिपॉजिट का बढ़ना तो मौद्रिक डर से जुड़ा है। कोरोना काल में यह अर्थव्यवस्था को जितना भी नुकसान पहुंचाता हो, इसके पीछे का सामान्य तर्क समझा जा सकता है। लेकिन सामान्य गणित से यह समझना मुश्कल है कि जब अर्थव्यवस्था के गिरने के चौतरफा संकेत हों और खेती छोड़कर किसी भी क्षेत्र का सहारा न दिखता हो, तब उस बाजार में किस उम्मीद से तेजी है, जो बजट के एक प्रावधान से या मानसून के समय पर आने, न आने से चढ़ता-गिरता रहा है।

हालांकि रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास का मानना है कि बाजार में ह्यकरेक्शनह्ल निश्चित रूप से आएगा, लेकिन बताया नहीं जा सकता कि कब।

उदारीकरण ने कई पदों के अर्थ बदले हैं। करेक्शन भी उनमें से एक है। बाजार चढ़े तो टेक्निकल करेक्शन का मतलब वह नीचे आएगा। बाजार गिरे तब करेक्शन का मतलब है कि गिरावट कम होगी, बाजार कुछ चढ़ेगा। पर दास बाबू का मानना है कि बाजार की मौजूदा तेजी का मतलब है, निवेशकों को भरोसा है कि बाजार में बिकवाली का बड़ा दौर नहीं आएगा, भले ही वह अभी अपने शीर्ष स्तर से आठ-नौ फीसदी नीचे है। असल में गुत्थी यही है कि जब बाजार अभी भी मार्च के या जनवरी के स्तर से नीचे है (और वह स्तर भी कौन से ठोस आर्थिक कारणों से बना था उसे समझना मुश्किल है) तब उसमें इस रफ्तार में पैसा क्यों लग रहा है?

अर्थव्यवस्था की दुर्गति जनवरी में भी दिखने लगी थी। भले ही तेल कीमतों में गिरावट के कारण व्यापार घाटा कम रहा हो और टैक्स बढ़ाते जाने से सरकारी राजस्व में ज्यादा कमी न दिखती हो, पर बाकी क्षेत्रों का हाल बुरा था। चारों तरफ के अनुमान बताने लगे थे कि अर्थव्यवस्था सिकुड़ने जा रही है। हालांकि ऐसा पक्के तौर पर नहीं कहा जा रहा था, लेकिन यह सभी मानने लगे थे कि जो सरकारी अनुमान बजट या रिजर्व बैंक वगैरह के माध्यम से सामने आ रहे हैं, वे पूरे नहीं होने वाले।

## शराब ठेके के दो कर्मचारियों से 2.73 लाख की लूट, बदमाशों ने तमंचे के बल पर की वारदात

**आगरा,**
आगरा के बिचपुरी-अछनेरा मार्ग पर जगदीशपुरा क्षेत्र में बुधवार रात को शराब ठेके के दो कर्मचारियों शीलेंद्र पाल सिंह और गोपाल कृष्ण को बाइक से गिराने के बाद तमंचा दिखाकर बाइक सवार बदमाशों ने 2.73 लाख रुपये लूट लिए। दोनों कर्मचारी दो ठेकों से रुपये लेकर अपने जयपुर हाउस स्थित कार्यालय में जमा करने बाइक पर जा रहे थे। घटना की जानकारी पर पहुंची पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों के फुटेज चेक किए, लेकिन बदमाशों का सुराग नहीं लग सका। जयपुर के रहने वाले मुमताज अली के अछनेरा और रायभा में अंग्रेजी शराब के एक-एक ठेके हैं। ठेकों से रुपये इकट्ठा करके लाने के लिए कारोबारी ने जलेसर निवासी शीलेंद्र पाल सिंह और राजस्थान के अलवर निवासी गोपाल कृष्ण को रखा हुआ है। गोपाल कृष्ण थाना लोहामंडी के आलोक नगर और शीलेंद्र पाल न्यू आगरा के भूड़ का बाग में किराए पर रहते हैं। शीलेंद्र ने बताया बुधवार रात दस बजे वह दोनों ठेकों से 2.73 लाख रुपये लेकर गोपाल कृष्ण के साथ बाइक से जयपुर हाउस जा रहा था। यहां पर कारोबारी ने फर्म का कार्यालय बना रखा है। शीलेंद्र बाइक चला रहा था। अछनेरा-बिचपुरी मार्ग पर बाइक पर पीछे से दो बदमाश आए।



# पुलिस स्टेशन पहुंचकर शख्स ने मांगा कागज-पेन, फिर जो लिखा उसे पढ़कर हर कोई दंग



**मुंबई .**
महाराष्ट्र के पुणे शहर में एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां एक 27 वर्षीय शख्स पुलिस स्टेशन पहुंचा और उसने वहां मौजूद पुलिसवालों से पेन और पेपर मांगा। इसके बाद उसने कागज में जो भी लिखा उसे पढ़कर वहां मौजूद हर कोई चौंक गया। असल में उस शख्स ने बताया कि उसने झगड़े के बाद अपनी गर्भवती लिव इन पार्टनर की हत्या कर दी है। रंजगांव पुलिस स्टेशन के अंतर्गत आने वाले कारेगांव में शुक्रवार शाम को यह घटना घटी। उस व्यक्ति ने बाद में पुलिस स्टेशन में जाकर अपना जुर्म कबूल किया कि उसने अपने 24 वर्षीय लिव-इन पार्टनर की हत्या कर दी। पुलिस अधिकारी नाइक पीएन सुतार ने बताया कि उसने पुलिस स्टेशन में आकर एक कागज और एक पेन की मांग की।

उसने लिखा कि वह डिप्रेशन का मरीज है और अपनी गर्भवती लिव-इन पार्टनर की गला दबाकर हत्या कर दी। उस शख्स ने अपने घर की चाबियां भी पुलिस को सौंप दी जहां वह अपने लिव इन पार्टनर के साथ रहता था। पुलिस ने जब घर पहुंची और दरवाजा खोला तो देखा कि एक महिला फर्श पर मृत पड़ी थीं इस मामले की जांच कर रही सब-इंस्पेक्टर शुभांगी कुटे ने कहा कि यह पता चला है कि मृतक और आरोपी पिछले चार से पांच महीनों से रिलेशनशिप में थे और वह इस दौरान गर्भवती हो गई। चूंकि दोनों के पास पैसे नहीं थे इसके चलते वे अक्सर लड़ते थे। शुक्रवार दोपहर भी दोनों के बीच किसी चीज को लेकर कहासुनी हुई और इसके बाद आरोपी ने युवती का गला दबाकर हत्या कर दी और बाहर से दरवाजा बंद कर दिया। इसके बाद उसने पुलिस स्टेशन आकर आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर आईपीसी की धारा 302 (हत्या) के तहत केस दर्ज कर लिया है।

# अवैध निर्माण में प्रयागराज सबसे आगे, लखनऊ पांचवें स्थान पर




**लखनऊ**
महानगरों में अवैध निर्माणों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। शासन ने 5000 से ज्यादा अवैध निर्माण वाले प्रदेश के टॉप 14 विकास प्राधिकरण की सूची जारी की है। इसमें 25,281 अवैध निर्माणों के साथ प्रयागराज पहले, गोरखपुर दूसरे तथा 11,213 निर्माणों के साथ एलडीए (लखनऊ) पांचवें स्थान पर है। शहरों में हो रहे अवैध निर्माण को लेकर सरकार काफी सख्त है। मुख्यमंत्री खुद समीक्षा बैठक में इस पर अंकुश लगाने के निर्देश दे चुके हैं। प्रमुख सचिव आवास भी कई बार प्राधिकरण अफसरों को इसके लिए फटकार लगा चुके हैं। लेकिन सुधार नहीं हो रहा है। आवास विकास प्रदेश में चौथे स्थान पर है। उसके 19,924 अवैध निर्माण चिन्हित हुए हैं। चिन्हित हुए थे 2,00,968, कार्रवाई केवल 750 पर : अवैध निर्माणों के खिलाफ कार्रवाई में किस तरह लापरवाही हो रही है इसका अंदाजा प्रमुख सचिव आवास दीपक कुमार की रिपोर्ट से लगाया जा सकता है। उन्होंने जुलाई तक कुल 2,00,968 अवैध निर्माण होने की बात लिखी थी। एक महिने बाद अगस्त तक केवल 750 अवैध निर्माणों के खिलाफ ही कार्रवाई हुई। 2,002,18 अवैध निर्माण अभी भी खड़े हैं।

अवैध निर्माणों के मामले में कौन-किस स्थान पर

| प्राधिकरण | अवैध निर्माण |
|---|---|
| प्रयागराज | 25,281 |
| गोरखपुर | 22,413 |
| वाराणसी | 21,444 |
| आवास विकास | 19,924 |
| एलडीए | 11,213 |
| आगरा | 9953 |
| मुरादाबाद | 9768 |
| मेरठ | 9439 |
| गाजियाबाद | 8259 |
| सहारनपुर | 7594 |
| मुजफ्फरनगर | 6714 |
| बरेली | 6569 |

# पिछले साल 32,563 दिहाड़ी मजदूरों, 10,281 किसान, खेतिहर मजदूरों ने की आत्महत्या



**नयी दिल्ली.** राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के नवीनतम आंकड़ों के अनुसार 2019 में करीब 43,000 किसानों और दिहाड़ी मजदूरों ने आत्महत्या की। वर्ष के दौरान देशभर में कुल 1,39,123 लोगों ने आत्महत्या की। आंकड़ों के अनुसार, वर्ष के दौरान 32,563 दिहाड़ी मजदूरों ने अपना जीवन समाप्त कर लिया। कुल मामलों में यह संख्या लगभग 23.4 प्रतिशत रही। वहीं एक साल पहले 2018 में यह संख्या 30,132 थी। एनसीआरबी आंकड़ों के मुताबिक 2019 में कृषि क्षेत्र से जुड़े 10,281 लोगों (जिसमें 5,957 किसान और 4,324 खेतिहर मजदूर शामिल हैं) ने आत्महत्या की। यह संख्या देश में 2019 के आत्महत्या के कुल 1,39,123 मामलों का 7.4 प्रतिशत है। इससे पहले 2018 में खेती किसानी करने वाले कुल 10,349 लोगों ने आत्महत्या की थी। यह संख्या उस साल के कुल आत्महत्या के मामलों का 7.7 प्रतिशत थी। केंद्रीय गृह मंत्रालय के तहत कार्य करने वाले, एनसीआरबी ने कहा कि वर्ष 2019 में आत्महत्या करने वाले 5,957 किसानों में से 5,563 पुरुष और 394 महिलाएं थीं। वहीं वर्ष के दौरान आत्महत्या करने वाले कुल 4,324 खेतिहर मजदूरों में से, 3,749 पुरुष और 575 महिलाएं थीं। आंकड़ों के मुताबिक आत्महत्या करने वाले सबसे ज्यादा किसान महाराष्ट्र से (38.2 प्रतिशत), कर्नाटक (19.4 प्रतिशत), आंध्र प्रदेश (10 प्रतिशत), मध्य प्रदेश (5.3 प्रतिशत) और छत्तीसगढ़ और तेलंगाना (4.9 प्रतिशत प्रत्येक) से हैं। हालांकि, एनसीआरबी ने कहा कि पश्चिम बंगाल, बिहार, ओडिशा, उत्तराखंड, मणिपुर, केन्द्र शासित प्रदेश चंडीगढ़, दमन और दीव, दिल्ली, लक्षद्वीप और पुदुचेरी से किसानों के साथ-साथ खेतिहर मजदूरों की आत्महत्या का कोई मामला नहीं रहा है। कुल मिलाकर, देश में 2019 में 1,39,123 आत्महत्यायें हुई, वहीं 2018 में 1,34,516 और 2017 में 1,29,887 आत्महत्यों के मामलों की सूचना है। वर्गीकरण के हिसाब से, सर्वाधिक आत्महत्या करने वालों में दिहाड़ी मजदूर (23.4 प्रतिशत) हैं जिनके बाद गृहिणियां (15.4 प्रतिशत) रही हैं। इसके बाद स्वरोजगार करने वाले (11.6 प्रतिशत), बेरोजगार (10.1 प्रतिशत), पेशेवर या वेतनभोगी (9.1 प्रतिशत), छात्र और कृषि क्षेत्र से जुड़े व्यक्ति (दोनों 7.4 प्रतिशत), और सेवानिवृत्त व्यक्ति (0.9 प्रतिशत) ने आत्महत्या की है। एनसीआरबी ने कहा कि 14.7 प्रतिशत आत्महत्या करने वाले पीड़ित अन्य व्यक्तियों की श्रेणी में आते हैं। वर्ष के दौरान आत्महत्या करने वालों में 66.7 प्रतिशत शादीशुदा थे जबकि 23.6 प्रतिशत कुंवारे थे। आंकड़ों के अनुसार, आत्महत्या करने वाले पीड़ितों की शैक्षिक पृष्ठभूमि से पता चला है कि कुल आत्महत्या करने वाले पीड़ितों में से 12.6 प्रतिशत (17,588) अनपढ़ थे, जबकि केवल 3.7 प्रतिशत (5,185) स्नातक और इससे ऊपर के थे। वर्ष 2019 में आत्महत्या करने वालों में सबसे बड़ी संख्या 23.3 प्रतिशत (32,427) मैट्रिक तक पढ़े लोगों की रही। वहीं 19.6 प्रतिशत (27,323) माध्यमिक स्तर तक पढ़ने वालों और 16.3 प्रतिशत (22,649) प्राथमिक स्कूल तक पढ़े लोगों की रही। इसके बाद 14 प्रतिशत (19,508) आत्महत्या करने वाले उच्चतम माध्यमिक अथवा इंटरमीडिएट तक पढ़े लोगों की रही।

## हिंदू विधवाएं पति की संपत्ति की हकदार: बांग्लादेश कोर्ट

**नवी दिल्ली ,**
बांग्लादेश की एक शीर्ष अदालत ने एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा है कि विधवा हिंदू महिलाएं अपने दिवंगत पति की कृषि भूमि और गैर-कृषि भूमि की हकदार हैं। अदालत के इस फैसले के साथ ही उनका अपने पति की संपत्ति पर अधिकार का रास्ता साफ हो गया है। डेली स्टार की खबर के अनुसार बांग्लादेश हाई कोर्ट ने बुधवार को अपने आदेश में कहा कि कृषि भूमि और गैर-कृषि भूमि में कोई फर्क नहीं किया जा सकता। इसलिए हिंदू विधवाएं अपने पति की जमीनों की हकदार हैं। मौजूदा कानून के अनुसार देश की हिंदू विधवाएं घर की जमीन की हकदार हैं और कृषि भूमि जैसी अन्य संपत्तियों पर उनका अधिकार नहीं है। खबर में कहा गया है, हिंदू विधवाओं का अपने पति की कृषि और गैर-कृषि दोनों जमीनों पर अधिकार होगा। उन्हें अपने जीवनकाल में उस संपत्ति को बेचने का भी अधिकार होगा। हाईकोर्ट ने यह फैसला निचली अदालत के फैसले के खिलाफ दायर खुलना के निवासी ज्योतिंद्रनाथ मंडल की याचिका पर सुनाया है। खुलना के संयुक्त जिला न्यायाधीश ने 7 मार्च 2004 को ज्योतिंद्रनाथ द्वारा दायर मामले पर फैसला सुनाते हुए कहा था कि ज्योतिंद्रनाथ के बड़े भाई अभिमन्यु मंडल की विधवा गौरी दासी को अपने दिवंगत पति की कृषि भूमि पर अधिकार है।


## हर पल टाईम्स व हरपल टीवी न्यूज

क्राईम द मोस्ट वांटेड व क्राईम इंन्वेस्टिगेशन न्यूज देश के सभी जगहों पर हमारी खास न्यूज बतायी जा रही है अगर आपको, मोबाईल और लेपटॉप, पर देखनी हो तो www.harpaltvnews.com1 टाइप करके देखिये या crimeinvestigationharpaltv.com टाईप करके सभी खबरें देख सकते हैं, अगर आपको हमसे संपर्क करना है तो हमारा नंबर है ७४९८५३५२८६ अगर आपको खबर भेजना है तो ईमेल करें :
Email-harpaltimes.press@gmail.com

**कम से कम फीस में इलेक्ट्रॉनिक एवं प्रिंट मीडिया की टेनिंग दी जा रही है..**
**सपर्क करें: ७०२१४२५४४२**



मालक, मुद्रक, प्रकाशक वसीम जे. खान ने शिरनाजी प्रिंट, एम.एल. कॅम्प, चेंबूर, मुंबई -४० ००८९ से छपवाकर, प्लॉट नं. २५ डी/ १. शिवाजी नगर, गोवंडी, मुंबई - ४ ० ० ०४३ से प्रकाशित किया। संपादकः वसीम जे. खान. RNI NO:- MAHHIN/2011/24374
Email--harpaltimes.press@gmail.com 074985 35286 (सभी विवाद निपटारे के लिए न्यायक्षेत्र मुंबई, महाराष्ट्र होगा।)